GIS 2023: यूपीसीडा ने हासिल किये एक लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव, 83 हज़ार करोड़ रुपए के एमओयू साइन

चर्चा में क्यों?

30 दिसंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि यूपीसीडा ने औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिये एक लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव निवेशकों से हासिल किये हैं। इनमें से 83 हज़ार करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर भी किये जा चुके हैं।

प्रमुख बिंदु

- यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि इन एमओयू को 10-12 फरवरी, 2023 को लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान अंतिम रूप दिया जाएगा।
- सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर है। लक्ष्य प्राप्ति के लिये यूपीसीडा के वरिष्ठ अधिकारियों की नौ टीमों का गठन कर पहले चरण में 22 ज़िलों में निवेशकों व उद्यमियों के साथ बैठकें की गईं। इस दौरान निवेशकों के साथ एमओयू किया गया।
- इनमें मुख्यरूप से फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क, वेयरहाउसिंग, पेपर उद्योग, मेडिकल क्षेत्र, बायोफ्यूल, खिलौना उत्पाद, डाटा सेंटर, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों में निवेश की रुचि दिखाई है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पूर्व टीम गठित कर अन्य ज़िलों में भी निवेश गोष्ठियाँ की जाएंगी।
- यूपीसीडा ने जो एमओयू किये हैं, उनसे लाखों लोगों को रोज़गार मिलेगा। जो प्रमुख एमओयू हुए हैं, उनमें गाज़ियाबाद में ग्रपेकर्स नेटवर्क द्वारा 10,000 करोड़ रुपए के निवेश से औद्योगिक पार्क स्थापित करने पर 10000 लोगों को रोज़गार मिलेगा। गौतमबुद्धनगर में मोबिलिटी इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रुप लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउस पार्क की स्थापना पर 8 हज़ार करोड़ रुपए का निवेश करेगा। इससे 1000 लोगों को नौकरी मिलेगी। कानपुर में मेगा लेदर क्लस्टर डेवलपमेंट (यूपी) लिमिटेड 6000 करोड़ रुपए के निवेश से लेदर उद्योग स्थापित करेगा। इससे दो लाख लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है।
- प्रतापगढ़ में धरत्रिी सॉल्यूशन, एसएमआरएम इनोवेटिव वेंचर्स प्रा. लि. द्वारा 9000 करोड़ के निवेश से इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करने से 50 हज़ार लोगों को रोज़गार मिलने की संभावना है। सोनभद्र में सिटी गोल्ड इंडस्ट्रियल लि. द्वारा 3000 करोड़ के निवेश से सीमेंट प्लांट के माध्यम से एक हज़ार लोगों को रोज़गार देगी तो लखनऊ में वेलस्पन व लॉजिस्टिक्स पार्क्स प्रा. लि. द्वारा 2000 करोड़ रुपए के निवेश से बड़ी संख्या में लोगों को रोज़गार मिलेगा।
- हाई फ्लो इंडस्ट्रीज द्वारा आगरा और अयोध्या में 3-3 हज़ार, गाजियाबाद में 14 हज़ार करोड़, गोरखपुर में 1200 करोड़, कानपुर में 7500 करोड़, लखनऊ में 3500 करोड़, अलीगढ़ में 300 करोड़, प्रयागराज में 35000 करोड़, सूरजपुर में 9000 करोड़, वाराणसी में 2000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ ही सभी ज़िलों में 5 लाख से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।
- निवेशकों को भूमि उपलब्ध कराने के लिये यूपीसीडा ने 15 हज़ार एकड़ से अधिक का लैंड बैंक तैयार किया है। लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउस स्थापना के लिये वाराणसी में इंडियन कॉर्पोरेशन ने 2000 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित किया है।
- विभिन्न क्षेत्रों में और भी कई निवेश हुए हैं, जैसे कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 23000 करोड़ से अधिक, निजी औद्योगिक पार्क क्षेत्र में 21 हज़ार करोड़, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग में लगभग 10000 करोड़, चमड़ा और जूता उद्योग में 6000 करोड़, गैर-धात्विक और खनिज उत्पाद क्षेत्र में लगभग 4000 करोड़ और जैव ईंधन क्षेत्र में लगभग 850 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है।
- प्रदेश सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिये होने वाले निवेश के लक्ष्य को 10 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 17 लाख करोड़ रुपए कर दिया है। इसके लिये सभी विभागों के पुराने निवेश लक्ष्यों को भी संशोधित किया गया है। यूपीसीडा का निवेश लक्ष्य भी 70 हज़ार करोड़ रुपए से बढ़ाकर एक लाख करोड़ रुपए कर दिया है। यूपीसीडा ने लक्ष्य संशोधित किये जाने से पहले ही 80 हज़ार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त कर लिये हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gis-2023-upsida-receives-investment-proposals-worth-

rs-1-lakh-crore,-mous-worth-rs-83,000-crore-signed